# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**संरचना प्रमण्डल संख्या–3, भवन निर्माण विभाग, पटना।**
(Email ID- ee.cons3.bcd@gmail.com)

पत्रांक–भवन/कार्य०अभि०/सं०प्र०सं०–3/सिंचाई भ०/2025–26–(अंश–4)–.................. पटना/दिनांक–...................

प्रेषक,

**ई० शशि कान्त (बि०अभि०से०)**
कार्यपालक अभियंता,
संरचना प्रमण्डल संख्या–3,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

सेवा में,

**M/s Arun Deo Kumar**
सम्पुष्ट माध्यम Mohalpar, Biharsharif, Nalanda.
**Email ID :** rahuldeo_29@yahoo.com

**विषय :–** **एकरारनामा के शर्तो के अनुरूप Defect Liability Period अन्तर्गत सिंचाई भवन, पटना के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य योजना अन्तर्गत किये गये कार्यो में पायी गयी त्रुटियों के निराकरण के संबंध में।**

प्रसंग :–

1. एकरारनामा संख्या–03 SBD/2019-20
2. अवर सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1742, दिनांक–05.07.2024
3. इस कार्यालय का पत्रांक–578, दिनांक–12.07.2024
4. कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का पत्रांक–4339, दिनांक–06.08.2024
5. इस कार्यालय का पत्रांक–661 (अनु०), दिनांक–07.08.2024
6. इस कार्यालय का पत्रांक–745 (अनु०), दिनांक–07.09.2024 (द्वितीय स्मार–पत्र)
7. इस कार्यालय का पत्रांक–798, दिनांक–04.10.2024 (तृतीय एवं अंतिम स्मार–पत्र)
8. अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–583, दिनांक–06.11.2024
9. कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–5227, दिनांक–04.08.2025
10. सहायक अभियंता (असैनिक), गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल, संरचना प्रमण्डल संख्या–3, भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–शून्य/कैम्प, दिनांक–07.08.2025
11. इस कार्यालय के पत्रांक–735 अनु०, दिनांक–12.08.2025
12. आपका पत्रांक–ADK/25-26/001, दिनांक–04.09.2025
13. सहायक अभियंता, गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल, संरचना प्रमण्डल संख्या–3, भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–कैम्प/शून्य, दिनांक–18.09.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि सिंचाई भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास का कार्य आपके द्वारा एकरारनामा संख्या–03 SBD/2019-20 के अन्तर्गत कराया गया है एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–11.09.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–10.03.2021 थी। मुख्य अभियंता के पत्रांक–1253 (भ), दिनांक–27.06.2023 द्वारा इस योजना के लिए समयवृद्धि दिनांक–31.05.2023 तक इस शर्त के साथ दी गयी थी, कि Extended Period के लिए संवेदक को किसी प्रकार की वित्तीय क्षतिपूर्ति एवं 10CC/10CA के तहत सामग्रियों में दर बढ़ोतरी मान्य नहीं होगा।

एकरारनामा के शर्तो के अनुरूप DLP अन्तर्गत आपके द्वारा सम्पन्न कराये गये कार्यो में पायी गयी त्रुटियों का निराकरण आपको करना है। इस कार्यालय के विभिन्न पत्र एवं प्रसंगाधीन पत्रों के द्वारा आपको पायी गयी त्रुटियों का अविलम्ब निराकरण करने का निदेश दिया गया था, परन्तु आदिनांक तक आपके द्वारा त्रुटियों का निराकरण नहीं किया गया है, जो एकरारनामा के शर्तो का सर्वथा उल्लंघन है। विदित है कि आपके द्वारा कार्यान्वित उक्त योजना मुख्य सचिवालय का एक मुख्य अंग है, जहाँ माननीय् मंत्रियों के अलावा वरीय पदाधिकारियों का लगातार आवागमन होता रहता है।

अवर सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–1742, दिनांक–05.07.2024 द्वारा सिंचाई भवन के तृतीय तल पर स्थित Control & Command Centre में छत से पानी टपकने एवं आधुनिक यंत्र/मशीन क्षतिग्रस्त होने से संबंधित शिकायत की गयी थी। इस कार्यालय का पत्रांक–578, दिनांक–12.07.2024 के द्वारा बेसमेंट के ऊपर Tiles कई स्थानों पर टूटने, जल निकासी सही तरीके नहीं होने, बेसमेंट में Seepage एवं मुख्य भवन के छत से Control & Command Centre में Seepage होने से संबंधित शिकायत की गयी थी।

P.T.O

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का पत्रांक–4339, दिनांक–06.08.2024 द्वारा श्री के०के०पाठक अपर मुख्य सचिव, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना द्वारा सचिवालय परिसर के निरीक्षण के क्रम में नवनिर्मित पार्किंग के छत से रिसाव एवं Floor Tiles कई जगहों पर टूटे पाये जाने से संबंधित इस कार्यालय का पत्रांक–661 (अनु०), दिनांक–07.08.2024 द्वारा नवनिर्मित पार्किंग के छत एवं Sky Light से पानी का रिसाव, बेसमेंट के ऊपर Tiles कई स्थानों पर टूटने एवं मुख्य भवन के Control & Command Centre में Seepage होने से संबंधित शिकायत करते हुए त्रुटियों को शीघ्र दूर करने का निदेश दिया गया था। इस कार्यालय का पत्रांक–745 (अनु०), दिनांक–07.09.2024 (द्वितीय स्मार–पत्र) द्वारा नवनिर्मित पार्किंग के छत, Retaining Wall एवं Sky Light से पानी का रिसाव, बेसमेंट के ऊपर Tiles कई स्थानों पर टूटने एवं मुख्य भवन के Control & Command Centre में Seepage, Fire Pump एवं Sump House पूरी तरह कार्यरत नहीं होने एवं Fire Tank से रिसाव से संबंधित शिकायत करते हुए त्रुटियों को शीघ्र दूर करने का निदेश दिया गया था।

इस कार्यालय का पत्रांक–798, दिनांक–04.10.2024 (तृतीय एवं अंतिम स्मार–पत्र) द्वारा नवनिर्मित पार्किंग के छत, Retaining Wall एवं Sky Light से पानी का रिसाव, बेसमेंट के ऊपर Tiles कई स्थानों पर टूटने एवं मुख्य भवन के Control & Command Centre में Seepage, Fire Pump एवं Sump House के पूरी तरह कार्यरत नहीं होने एवं Fire Tank से रिसाव से संबंधित शिकायत करते हुए त्रुटियों को शीघ्र दूर करने का निदेश दिया गया था।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–583, दिनांक–06.11.2024 द्वारा एकरारनामा के शर्तो के अनुरूप DLP अन्तर्गत आपके द्वारा सम्पन्न कराये गये कार्यो में त्रुटियों का निराकरण आपको करना है, निदेशित किया गया था, परन्तु आपके द्वारा आदिनांक तक उन त्रुटियों के निराकरण की कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–5227, दिनांक–04.08.2025 के द्वारा सूचित किया गया कि नवनिर्मित पार्किंग में विभिन्न जगहों पर वर्षा के पानी का रिसाव हो रहा है एवं पार्किंग के ऊपर लगाया गया पार्किंग Tiles कई जगहों पर टूट गया है। साथ ही सिंचाई भवन स्थित Control & Command Centre Room में छत से बारिश का पानी टपक रहा है, जिसकी संयुक्त स्थलीय जाँच दिनांक–07.08.2025 को सहायक अभियंता (असैनिक), गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल, संरचना प्रमण्डल संख्या–3, भवन निर्माण विभाग, पटना, कनीय अभियंता (असैनिक), संरचना प्रमण्डल संख्या–3, भवन निर्माण विभाग, पटना तथा कनीय अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रण्डल संख्या–01, पटना के द्वारा संयुक्त रूप से सिंचाई भवन के Basement Parking, Basement Top Parking एवं Command Control Room के छत का भौतिक निरीक्षण कराया गया जो निम्न प्रकार है :–

1. Basement Parking के छत एवं दीवाल से जगह–जगह Seepage हो रही है, जिसे शीघ्र ठीक कराने की आवश्यकता है।
2. Basement Parking के Ventilation (Sky Light) से अत्यधिक मात्रा में पानी का रिसाव हो रहा है, जिसे शीघ्र ठीक कराने की आवश्यकता है।
3. Basement Parking का Fire System Operational नहीं है, जिसे शीघ्र चालू कराने की आवश्यकता है।
4. Basement Parking के कुछ जगहों पर Floor/Parking Tiles क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसे शीघ्र ठीक कराने की आवश्यकता है।
5. Basement Top Parking का Floor/Parking Tiles अत्यधिक मात्रा में क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण भी Basement Parking के छत में Seepage की समस्या हो रही है, जिसे शीघ्र ठीक कराने की आवश्यकता है।
6. Command Control Room के छत पर लगाये गये A.P.P जगह–जगह क्षतिग्रस्त होने के कारण Room के अन्दर कुछ जगहों पर Seepage की समस्या हो रही है, जिसे शीघ्र ठीक कराने की आवश्यकता है।

इस कार्यालय के पत्रांक–सह–पठित ज्ञापांक–735 अनु०, दिनांक–12.08.2025 द्वारा उक्त त्रुटियों को अविलम्ब निराकरण कराकर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया एवं निराकरण नहीं किये जाने की स्थिति में एकरारनामा के शर्तो के अधीन दण्डनात्मक कार्रवाई करने हेतु चेतावनी दी जा चुकी है।

आपके पत्रांक–ADK/25-26/001, दिनांक–04.09.2025 द्वारा Undertaking दिया गया कि सोमवार दिनांक–08.09.2025 से 15 दिनों के अंदर उक्त त्रुटियों को दूर करा दिया जोयगा। सहायक अभियंता, गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल, संरचना प्रमण्डल संख्या–3, भवन निर्माण विभाग, पटना के प्रासंगिक पत्र कैम्प/शून्य, दिनांक–18.09.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि आदिनांक तक त्रुटियों के निराकरण से संबंधित कोई भी कार्य आपके द्वारा प्रारम्भ नहीं किया गया है।

P.T.O

अतएव, आपको पुनः निदेशित किया जाता है कि सम्पूर्ण कार्य स्थल का भौतिक निरीक्षण संबंधित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता, संरचना प्रमण्डल संख्या–3, भवन निर्माण विभाग, पटना के साथ संयुक्त रूप से करते हुए उक्त त्रुटियों का अविलम्ब निराकरण अगले 15 (पन्द्रह) दिनों में अनिवार्य रूप से करते हुए प्रतिवेदन अद्योहस्ताक्षरी को समर्पित की जाय। **आपके द्वारा किये जा रहे एकरारनामा के शर्तो के उल्लंघन एवं DLP अवधि में काफी लम्बे समय से उत्पन्न त्रुटियों को निराकरण नहीं किये जाने के कारण आपको किसी भी निविदा में भाग लिये जाने से डिबार किया जाता है। यदि 15 (पन्द्रह) दिनों में वर्णित त्रुटियों का निराकरण नहीं कराया जाता है, तो आपके जमानत की राशि को जब्त करते हुए विभाग से ब्लैकलिस्ट किये जाने की अनुशंसा कर दी जायेगी।**

विश्वासभाजन

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या–3
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक–भवन/कार्य०अभि०/सं०प्रं०स०–3/सिंचाई भ०/2025–26–(अंश–4)–.................. पटना/दिनांक–....................

**प्रतिलिपिः**–मुख्य अभियंता (पटना)/अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या–3
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक–भवन/कार्य०अभि०/सं०प्रं०स०–3/सिंचाई भ०/2025–26–(अंश–4)–.................. पटना/दिनांक–....................

**प्रतिलिपिः**–कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रण्डल संख्या–01, पटना भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या–3
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक–भवन/कार्य०अभि०/सं०प्रं०स०–3/सिंचाई भ०/2025–26–(अंश–4)–.................. पटना/दिनांक–....................

**प्रतिलिपिः**–मो० शाकिर अशरफी, सहायक अभियंता (असैनिक), गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल, संरचना प्रमण्डल संख्या–3, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या–3
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक–भवन/कार्य०अभि०/सं०प्रं०स०–3/सिंचाई भ०/2025–26–(अंश–4)–986 पटना/दिनांक–06/10/25

**प्रतिलिपिः**–आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय Website पर Upload करने हेतु प्रेषित।

06/10/25

कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या–3
भवन निर्माण विभाग, पटना।
06/10/25

D:\LAXMAN\Hindi Letter 2025.doc